# कक्षा – 6
# विषय – हिन्दी

**समय – 1 घण्टा** **पूर्णांक – 50**

**निर्देश :–** *1. प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़िये तथा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए, उत्तर–पुस्तिका में उत्तर लिखिए।*

*2. प्रश्नों को क्रम से हल कीजिए।*

1. विद्यार्थी आज अध्यापक के साथ भ्रमण पर गए हैं। 3

(क) रेखांकित शब्दों की व्याकरणिक कोटि बताइए।

(ख) रेखांकित शब्दों का लिंग बताइए।

(ग) रेखांकित शब्दों का वचन बताइए।

2. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं क्रिया शब्द छाँटो – 4

(क) छात्राएँ आगरा देखने गई थीं।

संज्ञा ------ ------

(ख) मैंने झुककर उन्हें प्रणाम किया।

सर्वनाम ------ ------

(ग) राजेश को काला और सफेद रंग पसंद है।

विशेषण ------ ------

(घ) बकरियाँ मैदान में चरतीं और तालाब से पानी पीतीं।

क्रिया ------ ------

3. निम्नलिखित शब्द समूहों में से स्त्रीलिंग–विशेषण शब्दों का समूह चुनिए – 1

(क) रानी, माला, पृथ्वी (ख) गुणवती, रूपवती, संकल्पवती

(ग) माली, सूर्य, पुस्तक

4. (क) 'गम्' शब्द का अर्थ है–'चलना'। कौन सा उपसर्ग लगाने से इसका अर्थ 'आसान' हो जायेगा? 1

(क) अधि (ख) सु (ग) नि (घ) आ

(ख) 'शोध्' जिसका अर्थ है–'खोजना'। कौन सा उपसर्ग लगाने से इसका अर्थ 'बदला लेना' हो जायेगा। 1

(क) प्रति (ख) उप (ग) परि (घ) कु

5. बच्चा, उड़ना, मीठा, दुष्ट शब्दों में कौन से प्रत्यय जोड़ने से ये भाववाचक संज्ञा बन जायेंगे 2

(क) वाला, इक, मान, ता

(ख) आप, आ, बाज, इया

(ग) पन, आन, आस, ता

6. निम्नलिखित शब्दों का लिंग परिवर्तन करके अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए – 2

विद्वान लेखक

7. नीचे लिखे शब्दों का वचन परिवर्तन कर वाक्यों में प्रयोग कीजिए – 2

लड़की पुत्रों

8. नीचे लिखे वाक्य में उपयुक्त विरामचिह्न लगाइए – 1

अरे मोहन तुम आ गए सौरभ अमन और भानु को कहाँ छोड़ आए

9. पवन अथवा गगन शब्द के दो पर्यायवाची लिखो – 1

10. अधूरे मुहावरों को उपयुक्त शब्द भरकर पूरा करो – 2

(क) उल्लू———(मूर्ख बनाना)

(ख) आँख————(गुस्से से देखना)

(ग) खरी–खोटी————(बुरा भला कहना)

(घ) खाक में————(नष्ट कर देना)

11. दिए गए शब्द समूह के लिए उपयुक्त शब्द चुनकर लिखो – 2

(क) सब कुछ जानने वाला (विद्वान, सर्वज्ञ, अज्ञात)

(ख) वह स्त्री जो कविता लिखती है (लेखिका, कवि, कवयित्री)

12. रेखांकित शब्दों के स्थान पर उनके समानार्थक शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए – 2

(क) वह मन्द <u>गति</u> से चल रहा था।

(ख) आरती को <u>पुरस्कार</u> मिला।

13. विपरीतार्थक शब्द भरकर वाक्य पूरा कीजिए – 2

(क) राम लक्ष्मण के <u>अग्रज</u> थे, भरत राम के———थे।

(ख) <u>सज्जन</u> व्यक्ति ———व्यक्ति को भी सहर्ष क्षमा कर देते हैं।

14. दिए गए संकेत के आधार पर वर्तनी पूरी कीजिए :— बाएँ से दाएँ — 4

| | | |
|---|---|---|
| [1] औ | | |
| [2] | ष | |
| [3] | | की |
| [4] प्रा | | |

1. नारी का पर्यायवाची शब्द है।
2. किसान को ये भी कहते है।
3. नृत्य करने वाली
4. ईश्वर की स्तुति करना

15. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए — 6

(क) सभा में अनेकों लोग उपस्थित थे।

(ख) काले, नीले और पीले कलियाँ अच्छी लगती है।

(ग) यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।

(घ) आप खाना खाओगे।

(ङ) राम ने कहानी सुनाया।

(च) तुम तुम्हारा काम करो।

16. भाई द्वारा भेजी गई 'महापुरुषों की जीवनी' पुस्तक के लिए भाई को एक धन्यवाद पत्र लिखिए— 4

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में लेख लिखिए — 5

(क) पेड़ लगाओ— पर्यावरण बचाओ।

(ख) किसी रमणीय स्थान की यात्रा

(ग) मेरा आदर्श व्यक्ति।

(घ) हमारी सच्ची मित्र—किताबें।

18. अपठित गद्यांश —

"जो काम करना हो उसे पूरी ईमानदारी एवं एकाग्रता से करें। यही सफलता का मूलमंत्र है। प्रतिदिन अपने किए गए कार्यो का अवलोकन करें यदि कहीं कोई कमी रह गई हो तो उन्हें दूर करने का प्रयास करें। प्रतिदिन किए जाने वाले कार्यों के विषय में विचार करें कि किस प्रकार यह कार्य और अच्छी तरह किया जा सकता है। सोने से पूर्व निश्चय करें— 'कल से अपने काम में पूरा ध्यान दूँगा, उसमें रूचि लूँगा।' सुबह इसी संकल्प को दोहराते हुए पूरी निष्ठा और लगन से अपने कार्य में जुट जाइए निश्चय ही सफलता मिलेगी।"

(क) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

(ख) सफलता का मूलमंत्र क्या है ? 2

(ग) कार्य करने से पूर्व क्या संकल्प करना चाहिए ? 2

# Subject – English

**Time : 1 Hour** **Max. Mark : 25**

**Instruction :-**

I. *No mark is to be made on the question paper.*

II. *You will be given a separate answer sheet.*

III. *Read the question and write the answers on the given answer sheet.*

IV. *Maximum marks for each question are shown against each Question.*

1. Choose the correct answer. 1

(i) A sentence which asks something about a person or thing is called a------.

(a) satement (b) passive voice

(c) question or an interrogative sentence.

(ii) The nouns boys. Birds, stones etc stand for more than one person, animal or thing. They are therefore said to be in the--------------. 1

(a) Number (b) Singular Number

(c) Plural Number

(iii) Someone 1

(a) is broken that window (b) has

(c) have

(iv) 'Haven't' you finished ? 1

(a) 'No, I haven't. (b) 'Yes' I haven't.

(c) 'No, I have.

(v) Will you 1

(a) borrow me your ruler, please ?

(b) lent (c) lend

2. Fill up the blanks with suitable article (a, an, the) 1½

Do you see---------man talking with someone ?

---------Man seems to be-------------Europlan.

3. Fill in the blanks with suitable prepositions given in the brackets. 2

(i) The plane flew----------the village. (Over, on)

(ii) We jumped------------the bridge. (Off, in)

(iii) The cat is ------------the table. (Under, by)

(iv) The pictures are -----------the shelves. (Above, at)

4. Punctuate the following- 2

(i) london paris tokyo moscow and delhi are all cities.

(ii) the eiffel tower is in paris.

5. Fill in the blanks with 'self-forms'- 1½

(i) she has hurt-----------.

(ii) I cut -----------with a knife the other day.

(iii) we enjoyed ----------very much at the fair.

6. Guess the sight word and write the letters in the box. 2

(a) money charged for a journey.

(b) a festival.

(c) a metal.

(d) the thieves do it.

7. Replace the words with their opposites. 1

a rough dry towel.

8. Use the words in your own sentences : 2

(a) beautiful (b) capital

9. Choose the best describing word for each expression : 2

(i) A (pale, grey, loud) voice. (ii) A (idle, right, write) answer.

10. Combine each of the following pairs of sentences using 'and'. 1

(i) John threw a ball. I caught it. (ii) Man propses. God disposes.

11. Write an application for two days leave as you are having an urgent piece of work.

2½

12. Which subject do you like to study with keen interest and why? Write in 30 words.

2½

-------

# विषय Subject - गणित Mathematics

**समय Time : 1 घण्टा Hour** **पूर्णांक M.M. : 25**

**निर्देश Instructions :**

1. *प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए अलग से उत्तर पुस्तिका दी जाएगी।*
   *Seprate Answer Sheet will be given for answering the question*
2. *उत्तर पुस्तिका में प्रश्न संख्या के साथ प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।*
   *Write the answer of each question with question no. in answer sheet.*

**(A) प्रत्येक प्रश्न के साथ चार सम्भावित उत्तर दिये गए हैं उनमें से सही उत्तर केवल एक ही है। सही उत्तर को छाँटकर उसका क्रमाक्षर उत्तर पुस्तिका में लिखिये।** $4 \times \frac{1}{2}$

**In every question four possible answer are given choose the correct answer and write in your answer sheet.**

1. 10 से लेकर 20 के बीच में आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या है –
   Number of prime numbers in between 10 to 20 are-
   (a) 2 (b) 4 (c) 5 (d) 7
2. घनमीटर इकाई है –
   (a) लम्बाई (b) क्षेत्रफल (c) आयतन (d) इनमें से कोई नहीं
   Cubic meter is the unit of-
   (a) Length (b) Area (c) Volume (d) None of these
3. कौनसी रोमन संख्या निरर्थक है ?
   (a) XLIV (b) XCI (c) VC (d) XXVL
4. एक आयत की लम्बाई 8 सेमी. और चौड़ाई 5 सेमी है। इसका क्षेत्रफल होगा–
   (a) 40 सेमी.$^2$ (b) 26 सेमी.$^2$ (c) 40 सेमी. (d) 80 सेमी.$^2$
   Length of a rectangle is 8 cm and breadth is 5 cm. its area will be-
   (a) 40 Cm$^2$ (b) 26 Cm$^2$ (c) 40 cm (d) 80 Cm$^2$

**(B) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो। रिक्त स्थानों में आने वाले उत्तर को प्रश्नसंख्या के साथ उत्तरपुस्तिका में भरो।** $4 \times \frac{1}{2}$

**Fill up the blanks and write the answer in your answer sheet with the question no.**

5. 1 दिन = ------------ मिनट
   1 day =-----------Minutes.

6. संख्या 58963 का सौ के निकटतम मान-------है।

Round off number 58963 nearest to 100 is------.

7. संख्याओं 11 और 15 का म.स--------है।

HCF of 11 and 15 is --------.

8. दिए गए प्रतिरूप 4,16,8,32,16,-----------की ठीक आगे की संख्या-------है।

Next number in the given pattern 4,16,8,32,16---is---.

**(C) हल सहित उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में दीजिए।**

**Give the answer with solutions in your answer sheet.**

9. 4 अंकों की सबसे छोटी संख्या बताइये जबकि '0' सदैव दहाई के स्थान पर रहे। 1

Write the smallest 4 digit number in which '0' is always at hundredth place.

10. मान ज्ञात कीजिए – 2

Find the value

(a) $12 \div 96 = ?$

(b) $(5 \div 0.05) \times (0.05 \div 5) = ?$

11. छुटे हुए स्थानों में सही अंक लिखो। 1

Write the correct digits in left places.

```
  2 7 4 3 □
+ 2 □ 6 □ 9
-----------
  5 3 □ 2 1
```

12. एक बस दिल्ली से 7:00 पूर्वाह्न चलती है और आगरा 4 घंटे 30 मिनट में पहुँचती है। आगरा पहुँचने का समय ज्ञात करो। 1

A bus starts from Delhi at 7:00 AM. And takes 4 Hrs 30 Min. to reach Agra. Find the time when bus reaches to Agra.

13. किसी वृत्त का व्यास 6 सेमी है। उसकी परिधि (लगभग) कितनी होगी ? 1

Diameter of a circle is 6cm. find its circumference (aprox).

14. $\frac{14}{9} \div 11$ का मान भिन्न रूप में ज्ञात कीजिए। 1

Find the value of $\frac{14}{9} \div 11$ in fractional form.

15. दशमलव रूप में उत्तर दीजिए → 12 ÷ 16 1

Give the answer in decimal form → 12 ÷ 16

16. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

Give answers of the following question.

(a) 1 क्विंटल का 75% 1

75% of one quintal.

(b) 1 लीटर का 65% 1

65% of one litre.

17. एक आयत का परिमाप 150 सेमी है। इसकी लम्बाई 45 सेमी है। आयत की चौड़ाई ज्ञात कीजिए। 1½

Perimeter of a rectangle is 150 cm. its Length is 45 cm. find its breadth.

18. $\frac{2}{0.002}$ के व्युत्क्रम को 1 में से घटाइये। 1


Subtract the reciprocal of $\frac{2}{0.002}$ from 1.

19. एक दुकानदार ने 1250 रुपये प्रति पंखे की दर से 10 पंखे खरीदे। उसने 6 पंखे 1375 रुपये प्रति पंखे की दर से और शेष 4 पंखे 1200 रुपये प्रति पंखे की दर से बेचे। पूरे सौदे में उसका लाभ या हानि ज्ञात करो। 2

A shopkeeper purchased 10 fans at the rate of Rs. 1250 per fan. He sold 6 fans at the rate of Rs. 1375 per fan and remaining 4 fans at the rats of Rs. 1200 per fan. Find the loss or profit in the whole transaction.

20. दी गई आकृति का परिमाप ज्ञात करो – 1½

Find the perimeter of the given figure.




21. 3.5 सेमी त्रिज्या का एक वृत्त बनाइये और उसकी त्रिज्या तथा वृत्त के व्यास को अलग–अलग दर्शाइये। 1½

Draw a circle of radius 3.5 cm. show its radius and diameter separately in it.


22. दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या बताइये और उनके नाम लिखिए– 2½

Write down the no. of triangles in the given figure. Also give the name of these triangles.




23. प्रतिरूप का अध्ययन करो और लुप्त संख्याएँ ज्ञात करो। 1

Observe the pattern and find the missing numbers.




-------